an>

Title: Regarding appointing Vice-Chancellor of Central University, Brambe, Ranchi.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : महोदय, मैं शून्य काल में अति लोक महत्व का प्रश्न उठाना चाहता हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ब्राम्बे, रांची स्थित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है। वहां व्याप्त अनियमितताओं के संबंध में मैं बताना चाहूंगा। उस विश्वविद्यालय के हॉस्टल में खराब भोजन के कारण 35-40 लड़कों की तबियत खराब हो गई थी। इस कारण छात्रों ने धरना दिया। जब वे धरने पर बैठे तो उन लोगों को 31 तारीख को 12 घंटे में हॉस्टल खाली करने का आदेश वहां के प्रबंधन ने दिया है। एक वÂ◌ाल से वहां कोई कुलपति नहीं है। प्रभारी कुलपति के भरोसे एक साल से विद्यालय चल रहा है। जिन छात्रों को 12 घंटे में हॉस्टल खाली करने का आदेश दिया गया है, उनमें बाहर के भी बहुत से छात्र हैं। वे 12 घंटे में कहां जाएंगे और क्या खाएंगे? वहां अव्यवस्था फैल गई है और छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी में रहना पड़ रहा है।

मेरा केन्द्र सरकार से और शिक्षा मंत्री से आग्रह है कि वहां कुलपति की नियुक्ति की जाए।